उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 35 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2020-23/07-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 17 अप्रैल, 2023

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी के कुल 896 पदों के सापेक्ष कुल 2248 अभ्यर्थियों का अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम दिनांक 15-02-2023 को घोषित किया गया था।

विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 2248 अभ्यर्थियों का अर्हता/ अभिलेख परीक्षण **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा-

| क्र.सं. | तिथि | अभ्यर्थियों की संख्या (प्रथम पाली- प्रातः 10:00 बजे ) | अभ्यर्थियों की संख्या (द्वितीय पाली- अपराह्न 01:30 बजे ) | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25-04-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 2 | 26-04-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 3 | 27-04-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 4 | 28-04-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 5 | 01-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 6 | 02-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 7 | 03-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 8 | 04-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 9 | 06-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 10 | 08-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 11 | 10-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 12 | 11-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 13 | 12-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 14 | 15-05-2023 | 75 | 75 | 150 |
| 15 | 16-05-2023 | 75 | 73 | 148 |
| 16 | 17-05-2023 | रिजर्व | | - |
| कुल | | | | **2248** |

तदनुक्रम में अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र तथा वरीयता प्रपत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण के समय अभ्यर्थियों के समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान/ सत्यापन व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों तथा वरीयता प्रपत्र में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूतिखंड, गोमतीनगर, लखनऊ** में अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 16-05-2023 की सायं 05.00 बजे तक आयोग को दी जाती है तो आयोग की अनुमति के उपरान्त उसे दिनांक 17-05-2023 को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उक्त तिथि के अतिरिक्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।